**खबर संक्षेप**

### अग्रवाल समाज के सरपंच बनें प्रशांत



**मण्डला।** अग्रवाल समाज में पंचायत पदाधिकारियों एवं नवयुवक मंडल के चुनाव शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में योग्य प्रत्याशियों का चयन किया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार प्रशांत अग्रवाल बंटी भारी मतों से विजयी होकर सरपंच निर्वाचित हुए। वहीं उपसरपंच पद पर विपिन बजाज ने जीत दर्ज की। पंच पद हेतु अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल एवं नीरज अग्रवाल निर्वाचित हुए। महिला पंच पदों पर श्रीमती ममता सराफ एवं श्रीमती प्रमिला अग्रवाल ने जीत हासिल की। अग्रवाल नवयुवक मंडल नवयुवक मंडल के चुनाव में अनुराग बंसल पिता राकेश अग्रवाल को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। साथ ही ईशान अग्रवाल पिता पीयूष अग्रवाल, अभी पिता स्व. रमन, गौरव पिता बोध नारायण एवं ऋषभ पिता उमाशंकर को निर्वाचित सदस्य चुना गया। निर्वाचन अधिकारी अमित अग्रवाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चुनाव समाज की एकता और प्रगति की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित टीम समाज के विकास आपसी भाईचारे और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## दो स्कूलों के प्राचार्य बीईओ का अतिरिक्त प्रभार संभालने में असमर्थ

# बदहाल होती जा रही शिक्षा व्यवस्था

*** अंधकार में नजर आ रहा छात्रों का भविष्य।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनजाति कार्य विभाग की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिले के दो प्रमुख शिक्षण संस्थानों हायर सेकंडरी स्कूल बिनैका और हाईस्कूल घाघा में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य को अतिरिक्त रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) का प्रभार सौंपा गया है, जिससे दोनों विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियाँ बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हायर सेकंडरी स्कूल बिनैका के प्रभारी प्राचार्य अजीत कुमार जैन, जो रसायन शास्त्र के विषय-विशेषज्ञ हैं, को मोहगांव विकास खंड का बीईओ प्रभार सौंपा गया है। वहीं, हाईस्कूल घाघा के पूर्णकालिक प्राचार्य सुभाष चंद्र चतुर्वेदी को नैनपुर विकास खंड का प्रभारी बीईओ नियुक्त किया गया है।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि ये दोनों अधिकारी न तो अपने विद्यालयों में पर्याप्त समय दे पा रहे हैं और न ही बीईओ के दायित्वों का समुचित निर्वहन कर पा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है प्रभारी विद्यालयों और बीईओ कार्यालयों के बीच 40 से 50 किलोमीटर की दूरी, जिससे इन अधिकारियों का अधिकांश समय यात्रा में ही व्यतीत हो रहा है।

इस स्थिति का प्रत्यक्ष असर स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर देखने को मिल रहा है। वहीं, विकास खंड स्तर पर भी शैक्षणिक योजनाओं और निरीक्षण कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारी परेशान हैं और क्षेत्रीय शिक्षक संगठनों एवं पालकों ने इस व्यवस्था को छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ बताया है।

सबसे गंभीर बात यह है कि मोहगांव और नैनपुर जैसे विकास खंडों में बीईओ पद के लिए अन्य योग्य प्राचार्य, व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापक उपलब्ध हैं। बावजूद इसके, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा "अपनों को उपकृत करने" की नीति अपनाई जा रही है। इससे न केवल प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि जिले की शिक्षा व्यवस्था गहरे संकट में फंसती नजर आ रही है।

यह भी चर्चा में है कि प्रभारी प्राचार्य बिनैका की मूल पदस्थापना घुघरी में है, जिससे इस निर्णय पर और भी अधिक सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अब सवाल उठता है कि कब जागेगा जिला प्रशासन?

क्या छात्रों के भविष्य से यूँ ही खिलवाड़ होता रहेगा, या फिर स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा?

### *इनका कहना है -*

*जनजाति कार्य विभाग में अधिकांश कार्य शासन के नियमों के विरुद्ध सैटिंग व लेन-देन के आधार पर हो रहे हैं। जिला शिक्षा समिति को इन कार्यों की जानकारी नहीं दी जा रही तथा कार्य मनमाने ढंग से किए जा रहे हैं। आगामी बैठक में इन विषयों की सूक्ष्म समीक्षा कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा एवं आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।*

***— इंजीनियर कमलेश तेकाम, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा समिति जिला पंचायत मण्डला***

## अवैध जुआ खेलते 4 आरोपी पकड़ाये, नगदी व ताश के पत्ते जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर एवं जिले में अवैध जुआ, सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम हेतु प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार की रात दबिश देकर बड़ी सफलता प्राप्त की।

दिनांक 15.09.2025 को हनुमान घाट मंदिर के बाजू में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रूपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का खेल खेलने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर 4 व्यक्तियों को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए पकड़ा गया, जिनके नाम इस प्रकार हैं-आनंद पिता सोनीलाल गौलिया, उम्र 54 वर्ष, निवासी इलाही चौक, मण्डला, राकेश पटैल पिता राजकुमार पटैल, उम्र 35 वर्ष, निवासी स्वामी सीताराम वार्ड, मण्डला, वीरू ठाकुर पिता गुरूजान सिंह ठाकुर, उम्र 34 वर्ष, निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, मण्डला, ऋषिराज पिता धर्म नारायण द्विवेदी, उम्र 30 वर्ष, निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, मण्डला। मौके से कुल नगदी 10,500/- (फड़ से 6,400/- तथा आरोपियों के पास से 4,100/-) एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किये गई आरोपियों को नोटिस तामील कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए पाबंद किया गया। थाना कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## मांझी समाज की बैठक 18 को

**मण्डला।** मांझी ढीमर समाज की बैठक गुरूवार को दोपहर 12 बजे से निषादराज मंगल भवन स्टेडियम के पास आयोजित की गई है। जिला अध्यक्ष उमाशंकर गुड्डू सिंधिया ने बताया कि इस बैठक में जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। समाज के सभी नंदा, बरमैया, केवट, कहार, मल्लहा, सिंधिया, रैकवार, बर्मन, कश्यप, भोई के सभी उपजाति इस बैठक में आमंत्रित किए गए हैं। सभी समाजाजिक बंधुओं से समय पर पहुंचने की अपील वैसाखू नंदा ने की है।

## रक्षा अग्रवाल बनी भाजपा मंत्री



**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी आशीष दुबे जबलपुर सांसद, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके एवं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में अपनी स्पष्ट एवं बेबाक छवि के लिए के लिए मोहगांव मुख्यालय की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति रक्षा अग्रवाल को मंत्री नियुक्ति किया है। हाल ही में मंडला जिला कार्यकारिणी भाजपा घोषित की गई है। श्रीमति रक्षा अग्रवाल ने बताया कि वे लंबे समय से भाजपा से जुड़ी हैं और समय-समय पर मिलने वाले दिशा-निर्देशों का पालन करते आ रही हैं। उन्होंने केन्द्रीय राज्य और जिला के प्रमुख जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

## बिछिया में रोजगार मेला आयोजित, 153 युवाओं को मिला ऑफर लेटर

**मण्डला।** सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिछिया के तत्वाधान में रोजगार का आयोजन किया गया। मेला में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर की भर्ती के लिए गार्डियंस ट्रेनिंग एकेडमी राजेन्द्र नगर हैदराबाद से कंपनी और वर्धमान यार्न्स सतलापुर मंडदीप भोपाल लिमिटेड टेक्सटाइल मिल के एचआर द्वारा काउंसलिंग की गई। इस रोजगार मेला में 231 प्रतिभागी सम्मलित हुए जिसमें से 153 प्रतिभागियों को नियुक्ति के लिए ऑफर लेटर दिलाये गये। इस दौरान कंपनियों के प्रतिनिधि और आजीविका मिशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## रोजगार युवा संगम मेले में 121 युवाओं का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगरपालिका टाउनहॉल मंडला में रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के इस संयुक्त मेले में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उनकी रुचि और कौशल के अनुसार अवसर दिलाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि कंपनियों में जाकर सीखें और अपना हौसला बढ़ाएं। आपके सहयोग के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है।

इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने कहा कि प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। यदि युवा अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं तो शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्व रोजगार स्थापित कर सकते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष सोनू भलावी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रोजगार मेले में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एनके वास्कले, प्रबंधक श्री बलराम यादव, जिला रोजगार अधिकारी एलएस सैयाम, आईटीआई प्राचार्य आरएस वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।



स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की 7 प्रतिष्ठित कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया एवं 167 अभ्यर्थियों ने ऑनलाईल/ऑफलाइन पंजीयन कराया। मेले में उपस्थित कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने आए हुए युवाओं की विस्तार से काउंसलिंग की तथा कंपनी की सेवा शर्तें व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कंपनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए 15 एवं 106 का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में 5 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

## खेलो भारत गतिविधि के माध्यम से प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला//नैनपुर

खेलो भारत गतिविधि अभाविप की खेल गतिविधि है जो कि पूरे भारतवर्ष में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयास करते आ रहा है जिसमें नए-नए प्रकार के खेल एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जिससे नए खिलाड़ियों को एक मंच मिलता है एवं अपनी प्रतिभाओं को आगे लाने का हुनर मिलता है इसी कड़ी में दिनांक 16 सितंबर 2025 को खेलो भारत गतिविधि महाकोशल प्रांत जिला मंडला इकाई नैनपुर द्वारा शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहुत प्रतिभागी ने हिस्सा लिया एवं खेल खेले शतरंज खेल में पहली टीम का मैच भावेश भोर एवं अमन पंद्रे के बीच हुआ जिसमे भावेश भोर विजय हुए वहीं दूसरी टीम का मैच नितेश भलावी एवं रंजीत मरावी के बीच हुआ जिसमें नितेश भलावी विजय हुए। आगे टेबल टेनिस प्रतियोगिता में तमन्ना हुसैन, तायना हुसैन एवं शशि कला परते ने भाग लिया टेबल टेनिस खेल में प्रथम स्थान तायना हुसैन, द्वितीय स्थान तमन्ना हुसैन, तृतीय स्थान शशि कला परते ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी को मेडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमए समाजशास्त्र प्राध्यापक राहुल विश्वकर्मा, वेटलिफ्टिंग में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी गुरु नन्दा, अभाविप प्रांत कार्य समिति सदस्य करीना टेकाम, नगर खेलो भारत प्रमुख यशवंत पुसाम उपस्थित रहे। वंदे मातरम गीत के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## यातायात नियम उल्लंघन पर 17 वाहनों पर 15,500 रूपये का चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्युदर को कम करने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से दिनांक 08 सितम्बर 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश में 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान संचालित किया जा रहा है।

मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 16 सितम्बर 2025 को थाना महाराजपुर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री उल्लंघन करनेवाले दो ट्रैक्टर क्रमांक MP51ZD6735 एवं MP51ZC9833 पर धारा 115/194(2) मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते कुल 10,000 रूपये का चालान किया गया। ट्रैक्टर चालकों को ट्रॉली का वाणिज्यिक पंजीयन कराने, सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित समय पर ही शहर में वाहन संचालन करने तथा ट्रैक्टर में लेबर या अन्य व्यक्तियों को नहीं बैठाने संबंधी सख्त समझाइश दी गई। साथ ही बिना हेल्मेट वाहन संचालन करने वाले 10 वाहन चालकों पर कुल 3,000 रूपये का चालान एवं अन्य 5 वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही करते हुये 2,500 रूपये का चालान कुल मिलाकर 17 वाहनों पर 15,500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

**आयोजन** | **गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी दिवस पर हो रहा आयोजन।**

# शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन का हुआ भव्य स्वागत





*** सगुरुद्वारा साहिब से निकलेगा नगर कीर्तन का जुलूस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मानवाधिकार संरक्षक एवं धार्मिक स्वतंत्रता के नायक गुरु श्री तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शताब्दी शहीदी दिवस पर विशाल नगर कीर्तन का आयोजन विभिन्न राज्यों में हो रहा है। बताया गया कि विशाल नगर कीर्तन 21 अगस्त से पूर्वोत्तर राज्य असम गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर धुबड़ी साहब से प्रारंभ होकर देशभर की विभिन्न राज्यों से होता हुआ मंडला को सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

नगर कीर्तन कटरा बायपास से होते हुए बिंझिया, लालीपुर, बैगा बैगी चौक, नेहरू स्मारक होते हुए महाराजपुर स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा। इसके पहले मंडला आगमन पर प्रमुख मार्गों को जोरदार स्वागत के लिए सजाया गया। नगर में पहुंचने पर धर्म आस्था प्रेमियों के द्वारा गुरु के जयकारों के साथ जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। महाराजपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में शाम को श्री दरबार साहिब अमृतसर की रागी जत्थे व प्रचारक के द्वारा कीर्तन व गुरमत विचार आयोजित हुए। इसमें बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और गुरु भक्त उपस्थित हुए। तत्पश्चात आम लंगर का आयोजन हुआ जिसमें भक्त जनों ने प्रसादी ग्रहण की। आज बुधवार सुबह गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूप एवं गुरु साहिब के पवित्र दर्शनों का संगत को लाभ एवं गुरुद्वारा साहिब महाराजपुर से फॉरेस्ट नाका महाराजपुर तक नगर कीर्तन किया जाएगा। नगर कीर्तन का गुरुद्वारा श्री केशगढ़ साहिब श्री आनंदपुर साहिब पंजाब में समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता की स्कूलों मे दिलाई गई शपथ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि स्वच्छता से ही बुद्वि का विकास होता है और स्वच्छता के बीच ही लोग बीमारियों से मुक्ति पाने में सफल होते है। यदि स्वच्छता नही होगी तो लोगों को सांस लेना दुभर होने से नही चूक पाता है। इसी के चलते स्वच्छता पखवाडे के शुभारंभ पर स्कूलों मे शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान मौजूद शिक्षको सहित सभी छात्र छात्राअ ने संकल्प लिया कि हम अपने परिसर को स्वच्छ रखेंगे एवं समाज मे स्वच्छता के संदेश को जन जन तक पहुंचाएंगे। ज्ञात हो कि स्कूलों मे स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियों को संपन्न कराने के निर्देश दिये गये है।

### किराना दुकान की उधारी मांगे जाने पर पिता पुत्र के साथ की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लोग किसी दुकान हो या फिर लेनदेन उधार लेते हुये समय बड़ा ही विनम्र स्वभाव अपनाते है जब उधारी चुकाने का समय आता है तो विवाद करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया में देखने मिली जब किराना दुकान से उधार में ली गई सामग्री के दुकानदार द्वारा पैसा मांगे तो मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कौड़िया निवासी एक किराना दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी ग्राम कौड़िया में बरहटा रोड पर किराना दुकान है जिस पर मुहल्ले के हरीश धानक व उसका भाइर प्रकाश धानक उधारी में सामग्री ले जाते थें। जब बीते हुये दिवस प्रार्थी द्वारा उधार ली गई किराना सामग्री के पैसा मांगे तो दोनों भाईयों ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ गालिया दी गई। वही रात के समय जब प्रार्थी दुकान बंद करते हुये अपने घर जा रहा था उसी समय हरीश व उसके भाई प्रकाश धानक द्वारा एक राय होकर कुल्हाडी की मुधाई से मारपीट की गई। शोर सुनकर प्रार्थी के पिता जसवंत व भाई ललित बीच बचाव करने के लिये आये तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बल्ब की चोरी करने का प्रयास करने वाले न दी जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बरहटा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर बच्चों के साथ रात दहलान में सो रही थी उसी समय पडौस में रहने वाले छोटू पिता खेमचंद नामक युवक घर के अंदर घुसकर बल्ब निकाल रहा था। आहट मिलने पर प्रार्थिया द्वारा देखने ने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया को जान से मारने की धमकी देते हुये भागने में सफल हो गया। घटना को लेकर पुसिल ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मारेगांव निवासी भगवान दास पिता कल्लू अहिरवार उम्र 43 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव के अम्बेडकर भवन के पास बैठा हुआ था उसी समय गांव का रामफल अहिरवार आया जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा उसी दौरान उसा बेटा त्रिलोक आ गया इस तरह दोनों पिता पुत्र द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# तो क्या एटीपीसी से प्रभावित किसानों सहित श्रमिकों को फिर आंदोलन की राह पर जाने होना पड़ेगा मजबूर...? अपनी मांगों की अवधि पूर्ण होने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ चीचली क्षेत्र में जब कुछ साल पहले एनटीपीसी की स्थापना हुई थी उस दौरान एनटीपीसी की स्थापना के लिये जमीन का अधिग्रहण किया गया था तो उस दौरान प्रभावित किसानों तथा एनपीटीसी के बीच कुछ जरूरी बातों को लेकर समझौते के माध्यम से कुछ बाते निर्धारित की गई थी। मगर इन मांगों को पूरा नही किये जाने के चलते आये दिन क्षेत्र के प्रभावित किसानों सहित एनटीपीसी में कार्य करने वाले श्रमिकों के बीच विवाद ही स्थिति बनने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई तीन साल पहले यानि की वर्ष 2022 में भी उस समय देखने मिली थी जब प्रभावित किसानों द्वारा एनटीपीसी के खिलफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया गया था। इसके बाद अधिकारियों तथा प्रभावित किसानों के साथ साथ श्रमिकों के बीच अपनी मांगों को पूर्ण करने के भरोसे के चलते मामला शांत हो गया था। मगर एक बार फिर यह विरोध प्रदर्शन की चिंगारी आग पकड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। इस तरह अपनी मांगों को लेकर प्रभावितों ने बीते हुये 2 सितम्बर को एकत्र होकर नर्मदा बिहार कालोनी के पास एनटीपीसी के अधिकारियों को अपनी तीन साल पहले यानि की वर्ष 2022 के त्रिपक्षीय समझौते को पूर्ण न करने का आरोप लगाते हुये ज्ञापन सौपा गया है। वही बताया जाता है कि ज्ञापन में माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि आने वाले 15 सितम्बर मांगे पूरी नही होती है तो उग्र आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिये मजबूर होना पड़ेगा..? इस ज्ञापन में आक्रोशितों द्वारा दी गई तिथि पूर्ण होने के बाद भी आज तक एनटीपीसी द्वारा उनकी मांगों को लेकर किसी तरह से कोई कार्यवाही पूर्ण नही की गई है। इसी के चलते जहां एनटीपीसी से प्रभावित किसानों द्वारा यहां के श्रमिकों में आक्रोश देखने मिल रहा है। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को इन किसानों सहित श्रमिको द्वारा अनुविभागीय कार्यालय गाडरवारा पहुंचकर एसडीएम कलावति व्यारे को अनिश्चित कालीन धरने पर जाने की बात कहते हुये ज्ञापन सौपते हुये विरोध प्रदर्शन करते हुये आने वाले 7 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन आंदोलन करने की बात कही गई है। अपनी मांगों को लेकर सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2022 में धरना समझौता के एनटीपीसी को प्रभावित किसानों को लिखित में जो बात कही गई थी उसे पूरा करने के लिये तैयार नही है। जिसके चलते हम सभी प्रभावित किसान एवं एनटीपीसी के मजदूर वर्ग सामूहिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहते है कि एनटीपीसी की कार्य प्रणाली हम लोगों को एक बार फिर बडे उग्र आंदोलन की ओर जाने के लिये मजबूर कर रही है। एनटीपीसी से प्रभावित किसानों द्वारा सौपे गये ज्ञापन में अपनी मांगों को को स्पष्ट करते हुये बताया है कि प्लांट में कार्यरत सभी श्रमिको को फिक्स वेतनमान व्यवस्था तथा सीनियोरिटी के आधार पर अपग्रेड व फिक्स वेतनमान पर प्रति वर्ष दस प्रतिशत वेतन वृद्वि दी जाये। वही ESIC मेडिकल व्यवस्था व बाकी लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस व्यवस्था मुहैया कराने के आलवा शेष सभी प्रभावित किसान (रेलवे पाईप लाईन) को जो प्लांट कार्यो से बंचित है उन्हे तत्काल प्रभाव से कार्य मुहैया कराया जावें। वही मौदा, लारा, सीपत की तरह गाडरवारा प्लांट हेतु पीएपी के लिये शत प्रतिशत आरक्षण पर आईटीआई सीटों के लिये वैकेंसी निकाली जावे। एनटीपीसी प्लांट एवं समस्त एजेन्सियों में लगने वाली सभी प्रकार के वाहन मात्र प्रभावित किसानों के ही लगाये जावे। इसके आलवा 60 वर्ष पेंशन स्कीम को निरंतर प्रभावी रखने के साथ जो भी प्रभावित किसानो का निधन हो गया है उनके वारिसों के पीएपी कार्ड बनाये जावे। वही प्रस्तावित बिजली सव स्टेशन चिन्हित स्थान पर तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कराया जावे एवं ग्राम मेहराखेड़ा घाट पिपरिया नदी पुल को तत्काल स्वीकृत कराते हुये निर्माण कार्य शुरू किया जावे। प्लाई एश से हो रहे दूषित ग्राउंड वाटर का निराकरण करते हुये यथा संभव किया जावे। क्योंकि इससे आर्सेनिक तत्व ब्लैकफुट नामक बीमारी का कारण आने वाले वर्षो में संभावित है..? वही अस्पाताल में बड़ी बीमारियों से संबंधित व्यवस्था एवं सभी प्रभावित ग्रामों की सभी प्रकार से दवा का मुप्त व्यवस्था व प्रभावित किसानों के परिवार को इस सुविधा का लाभ दिया जावे। वही ग्राम विकास कार्य ग्राम विकास समितियों के द्वारा कराये जावे उसमें सभी ग्रामों में खेल ग्राउंड, शासकीय आई टी आई की मुहैया कराने के साथ बाल भारती पब्लिक स्कूल में प्रभावित किसानों के बच्चों को 75 प्रतिशत फीस में छूट प्रदान की जावे। प्लांट के अंदर एवं टाउनशिप के शत प्रतिशत हाऊस कीपिंग एवं मैनपावर सप्लाई कार्य मात्र लोकल बैंडर व समितियों को प्रदान करते हुये बैंडर को 1 करोड़ तथा समितियों को 2 करोड़ तक के कार्य प्रदान किये जावे। इन्ही मांगों को लेकर बीते हुये 2 सितम्बर को एनटीपीसी अधिकारियों को ज्ञापन सौपते हुये 15 दिनों में मांगे पूरी करने की बात कहते हुये चेतावनी दी गई थी। मगर वह समय अवधि पूर्ण होने के बाद किसी तरह की कार्यवाही न होने फिर किसानों सहित श्रमिको में आक्रोश पैदा होते हुये देखा जाने लगा है।

## क्षेत्र में हुये विकास की सच्चाई, सड़क पर निकले गड्ढों में भैसे लोरकर महसूस कर रही ठंडाई का अहसास



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

निश्चित तौर से जब भी क्षेत्र में किसी बड़े नेताओं का आगमन होता है तो उनके द्वारा मंचों के माध्यम से यह बात कहते हुये सुना जाता है कि सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिये पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है और सरकार के प्रसास है कि क्षेत्र का ऐसा कोई गांव शेष न बचे तहां पर पक्की सड़क का आभाव रहे। गांवों से लेकर संपूर्ण प्रदेश के विकास को लेकर सरकार द्वारा हर वर्ष अपना खचाना खाली करने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर कुछ वर्ष पहले नेताओं द्वारा हमारे प्रदेश की सड़को की उपमा अमरीका की सड़को से करने में भी कसर नही छोड़ी गई थी..? वैसे भी देखा जावे तो इन नेताओं की बातों से इंकार इसलिये नही किया जा सकता है क्योंकि क्षेत्र की सड़को का विकास कागजों पर तो चलते हुये सरकार धन खर्च हो रहा है और इसी का परिणाम है कि शायद सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास की गंगा बहाने के बाद अब उन मूक पशुओं के प्रति इस तरह की सोच बनाई गई होगी कि जब यह मवेशी तेज धूप के बीच खेतों में आहार ग्रहण करते है तो निश्चित ही वह सूरज की तपन से बेहाल होने से नही बच सकते है। शायद उन्हें ही ठंडक पहुंचाने के लिये कोई नही योजना शुरू कर डाली हो...? क्योंकि सरकार द्वारा चलाये जाने वाली योजना को आम जनता तक जानकारी जब पहुंच पाती है जब तक योजना समाप्त हो चुकी होती है..? इस तरह विकास वादी सरकार की सच्चाई की पोल निश्चित तौर यह तस्वीर खोलने से नही चूक पायेगी..? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक गांवों की सड़को का हाल इस तरह हो चुका है कि उस पर वाहन चलने की बात तो दूर पैदल चलना मुश्किल होने लगा है और हाल इस तरह बना हुआ है कि सड़क पर निकलते हुये गड्ढों में अब भैसो लोरकर सूरज की तपन में ठंडाई का अहसास करने से नही चूक रही है? जिस तरह लोगों को एक कहावत करते हुये सुना होगा कि अब तो गई भैंस पानी में...? इसी तरह क्षेत्र के विकास की सच्चाई की असलियत भी अब गई भैंस पानी में जाते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है...?

### घर के पास लगी बाड़ी को हटाने पर महिला से मारपीट

**सांईखेड़ा।**

अक्सर देखा जाता है कि गांवों में लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बनते हुये मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ ग्राम मुंआर में देखने मिली जहां पर घर के पास लगी हुई बाड़ी को हटाने की बात को लेकर महिला से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर ग्राम मुंआर निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके घर से सुरेश कहार का घर लगा हुआ है और दोनों के घरों के बीच बिरबाई यानि की बाड़ी लगी हुई है। इस बात को बीते हुये दिवस सुरेश ने हटा दी गई जिस पर प्रार्थिया द्वारा आपत्ति जताने पर सुरेश तथा उसके पुत्र करन द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## अग्रसेन जयंती पर होंगे तीन दिवसीय कार्यक्रम, निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाये जाने की तैयारियाँ की जा रही है। बताया जाता है कि अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज , महिला मंडल, अग्रवाल युवा परिषद ने 20 सितंबर से 22 सितंबर तक तीन दिवसीय अनेक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियाँ की गई है। इस संबंध में बताया जाता है कि 20 सितम्बर शनिवार को श्री देव बांके बिहारी मंदिर में दोपहर 3.30 बजे से लकी गेम कलेक्ट बैलून आयु 4 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए , ढूढ़ते रह जाओगे, आयु 9 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए, गिलास के अंदर आपके नंबर आयु 15 से ऊपर अविवाहित युवक एवं युवती के लिए , बिंदी गेम 50 वर्ष तक महिलाओ के लिए, मूंछे हो तो नत्थूलाल जैसी 50 वर्ष से ऊपर सभी महिलाओं के लिए आयोजित किये जावेगे। यह सभी गेम के नियम यथा स्थान बताए जाएंगे । वही दूसरी दिन यानि की 21 सितंबर दिन रविवार को शाम 4 बजे से श्रीदेव बांके बिहारी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमे फैंसी ड्रेस (विभिन्न वेशभूषा स्वेच्छा से ) समय 2 मिनिट आयु 0 से 3 वर्ष तक और 3 से 7 वर्ष तक, डांस प्रतियोगिता (धार्मिक गानों पर आधारित रहेगी ) समय 3 मिनिट आयु 8 से 12 वर्ष, डांस प्रतियोगिता (मैशअप सोंग ) समय 3 मिनिट आयु 12 से 18 वर्ष तक विभिन्न वेशभूषा दोनों डाँस प्रतियोगिता एकल होगी। वही खुला पिटारा अभिनय तुम्हारा (नाटक) युगल जोड़ी 25 वर्ष से अधिक सभी महिलाओं-पुरुषों के लिए समय 5 मिनिट रहेगा । तीसरे व अंतिम दिवस 22 सितम्बर सोमवार को श्री श्री महाराजाधिराज 1008 अग्रसेन जी महाराज पूजन, अर्चना एवं प्रसादी वितरण समय प्रातः 9 बजे से श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर, (लाड़ोमोदन) किया जाएगा । दोपहर 4 बजे से श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर (लाड़ोमोदन मंदिर) चांवड़ी से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर श्रीदेव बाँके बिहारी जी मंदिर राधावल्लभ वार्ड पहुचेगी। वहां पर समापन किया जाएगा ।वही शाम 6 बजे महाआरती के उपरांत पुरुस्कार वितरण, प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के कक्षा 10वीं एवं 12 वी के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जावेगा।

## कन्या नवीन जन शिक्षा केंद्र में आयोजित हुई समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर गाडरवारा के जनशिक्षा केंद्र शासकीय कन्या नवीन में बीते हुये दिवस प्रधान पाठको की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में जनशिक्षक अपसार खान ने सभी ग्राम/ बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों के सर्वे संबंधित पार्ट बी फीड करने, बाल वाटिका मेले की तैयारी के साथ साथ गणवेश हेतु असफल भुगतान के खातों को अपडेट करने के निदेश दिये गये। वही जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी ने आज 17 सितंबर को स्कूलों मे पौधारोपण, यूड़ाइज प्रोफाइल पूर्ण करने एवं स्वच्छता सबंधी एप्प पर पंजीयन पूर्ण करने एवं दिव्यांग शिविरो मे दिव्यांग बच्चों के युडीआईडी कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। आयोजित इस बैठक मे जनशिक्षा केंद्र की अधीनस्थ शालाओं के प्रधान पाठक मौजूद रहे।

## लगातार चैकिंग होने के बाद भी इन पर क्यों नहीं लग पा रहा है अंकुश

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**



इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पुलिस प्रशासन द्वारा आये दिन वाहनों की चैकिंग करते हुये चालाना कार्यवाही तो की जा रही है मगर चैकिंग दौरान वाहनों में क्या जांच करते हुये कार्यवाही की जाती है यह चर्चा का विषय बना हुआ है? जबकि गौर किया जावे तो किसी भी वाहन में कंपनी द्वारा निर्धारित किये गये हार्न के आलवा अन्य दूसरे प्रकार का हार्न लगा पाया जाना नियम के विरूद्ध माना जाता है जिस पर कार्यवाही का प्रावधान होने के बाद भी पुलिस द्वारा इन्हे नजर अंदाज किया जाना पुलिस द्वारा की जाने वाली चालानी कार्यवाही पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है? क्योंकि देखा जावे तो इस समय दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों मे प्रेशर हार्न का चलन आम नागरिकों के लिये परेशानी का सबब बन रहा है। जो कान फोडू आवाज वाले इन प्रेशर हार्न से कई बार राह चलते लोग भौचक रह जाते है तथा कभी कभी अपना संतुलन खो देते है,मोटर साईकिल,आटों व अन्य छोटे बड़े वाहनों यहां तक कि ट्रक आदि चार पहिया वाहनों मे इन दिनों तेज आवाज वाले प्रेशर हार्न लगाने का फैशन सा चल पड़ा है, लेकिन प्रेशर हार्न से राह गुजरते लोगों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन प्रेशर हार्नो की वजह से अधिक शोरगुल होता है। वही कई बार राह चलने वाले इन तेज आवाज वाले हार्न से भौजक रह जाते है और कभी कभार अपना संतुलन भी खो बैठते है। दप्तरों के कर्मचारी भी परेशान- आम नागरिकों के अलावा आफिस दप्तरों मे काम कर रहे कर्मचारी अधिकारी भी इन तेज आवाज के प्रेशर हार्न से विचालित हो जाते है,अनायास ही उनका ध्यान इन प्रेशर हार्न की ओर जाता है जिसके कारण उनके काम पर भी बुरा असर पड़ता है। वही नगर की प्रमुख सड़क के किनारे स्थित शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भी इन हार्नो के चलते परेशानियों से गुजरना पड़ता है। वही स्कूलों में पढ़ने वालें बच्चों की स्थिति तो और खराब ही रहती है। युवा वर्ग मे अधिक क्रेज-प्रेशर हार्न और स्टाईलिश हार्न का क्रेज युवा वर्ग मे अधिक है जो फर्राटे भरते हुए अपने दो पहिया वाहनों मे तेज आवाज और स्टाईलिश वाहनों का इस्तेमाल करते है। शौकिन युवा वर्ग ऐसे मंहगे प्रेशर हार्न को अपने वाहन मे लगाना अपनी शान समझते है, तथा सुबह पांच बजे से ही अपने वाहनों में लगे इन हार्नो को सड़कछाप मंजनुओं की तरह स्कूल व कोचिंग तथा टियूशन जाने वाली छात्राओं के आगे पीछे घूमकर उन्हें परेशान करने लगते है। ट्रको मे भी होते है इस्तेमाल- दो पहिया वाहनों के अलावा लम्बी दूरी के सफर करने वाल ट्रकों मे भी प्रेशर हार्न का प्रयोग किया जा रहा है, प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कोयला भरकर यहां के स्कूलो, थाना व कचहेरी के सामने से गुजरते है। कुल मिलाकर इन तेज आवाज वाले कानफोडू स्टाईलिश प्रेशर हार्न मे जहां कोलाहल बढ़ रहा है वही आम नागरिकों को कई बार दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा हे। अतः नगरवासियों द्वारा पुलिस प्रशासन से कान फोडू हार्न वालें वाहनों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## पंचायतों के विकास कार्यों के नाम शासन को लग रहा चूना, अधिकारियों को मिल रहा प्रभावशाली वरिष्ठों का संरक्षण?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**



जिस प्रकार से सरकार द्वारा गांवों की सूरत बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करके इसकी सफलता के लगातार प्रयास तो किये जा रहे है, मगर पंचायतों का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते हुए दिखाई देने के साथ उनका कार्यकाल समाप्ति की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगा है? जब ग्रामीण अंचलों की की ओर रूख किया जाता हो तो पंचायती राज के विकास कार्यो को पोल अपने आप की खुलते हुए दिखाई देने लगती है? क्योंकि पंचातयों में हुये विकास कार्य उसी सरपंच के कार्यकाल को पूरा नही हो पाने के पहले ही अपने गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए टूटते हुए दिखाई देने से नही चूक रहा है? यदि पंचायतों में शासन द्वारा विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायत जहां धन राशि के आभाव से जूझ रही है तो अनेक पंचायत इस प्रकार की भी देखी जा रहा है जिनमें में प्रभावशाली वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा दृष्टि होने के चलते उन पंचायतों को अनाप शनाप राशि आवंटित हो जाती है और पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उस राशि से जिस प्रकार का विकास किया जाता है उस विकास कार्य की उम्र सिर्फ पत्थरों में नाम लिखे जाने तक ही बनी हुई दिखाई देते हुए देखी जा रही है..? इतना रही नही जिन पंचायतों को मनमानी धनराशि प्राप्त हो जाती है है उनके अधिकांश पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजनों, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपकृत करने का ही काम किया जिसके चलते पंचायत का विकास कम और पंचायत प्रतिनिधियों का विकास होते हुए ज्यादा दिखाई दे रहा है, इस प्रकार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचातयों द्वारा जिस प्रकार से पूर्व के समय में तालाब सड़के आदि बनवाने कार्य किया गया है उन कार्यो में सिर्फ शासन की राशि बर्बाद होने के नजारे ही दिखाई पड़ रहे है? क्योंकि अनेक पंचायतों द्वारा ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाये गये है जहाँ गर्मी तो ठीक बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊँचाई वाले क्षेत्र में हैं, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि राजीव गाँधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊँचा उठाने में भी कुछ इसी प्रकार की सच्चाई देखने मिलने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के विकास कार्यो को पास करते हुए पंचायतों को ओके रिर्पोट पेश करना जहां अधिकारियों की कार्य शैली पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाते हुए जान पड़ रहा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा**
**जिला -नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**इश्तहार सूचना**
*भवन/प्लाट नामांतरण सूचना वर्ष 2025-26*
**क्र. 1550 / राजस्व शाखा /न.पा.प. /2025**
**गाडरवारा दिनांक 15/09/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामातंरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक 15/09/2025 से 30 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेगी।

**प्र.क्र.**- 390/1, 25/26
**वार्ड का नाम**- शहीद भगत सिंह
**मकान/प्लाट** - मकान
**सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम**- वंशावबली, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद
**हस्तातरण का नाम**- स्व. गौरीशंकर कोष्टी
**हस्तातरण कर्ता का नाम**- सचिन, रिन्कू/स्व. विष्णु कोष्टी

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाडरवारा**

## पात्रता परीक्षा के विरोध में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश पर दिनांक 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री को कलेक्टर अनूपपुर के माध्यम से 1 सितम्बर को शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से छूट के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के पूर्व मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के नगर, विकास खण्ड, तहसील एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों सहित जिले में निवासरत प्रांतीय संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, संभागीय संगठन मंत्री, एवं संभागीय कोषाध्यक्ष सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय के सामने बने हुए शिवालय प्रांगण में एकत्रित होकर सभी समूह के रूप में संयुक्त कलेक्टेट कार्यालय में ज्ञापन हेतु एकत्रित होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल कुमार सिंह प्रान्तीय संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, डॉ नरेन्द्र पटेल संभागीय संगटन मंत्री, रामकुमार राठौर संभागीय कोषाध्यक्ष, संजय कुमार निगम जिलाध्यक्ष, तरुनेन्द्र द्विवेदी जिला कोषाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य, कार्यकारणी सदस्य फूल सिंह, राय सिंह ब्लाक अध्यक्ष पुष्पराजगढ़,पारस नाथ यादव, निशांत सिंह, हेतराम साहू, विनीत कश्यप, महेन्द्र तिवारी, महेद्र मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा, बलवंत सिंह लल्लू लाल कुरमेश्वर, सुषमा वारा, सृष्टि लता खलको, पुष्पा मिंज, अनमोल तिग्गा, धर्मेंद्र शाक्यवार, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र पाण्डेय, सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के निर्देशानुसार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम चचाई, बरगवां, केल्हौरी एवं आंगनबाड़ी केन्द्र चचाई, बरगवां, केल्हौरी ग्राम में क्रमानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर ने बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के संबंध में विधिक सेवा योजना मौलिक अधिकार, एवं कर्तव्य शिक्षा का अधिकार पॉक्सो अधिनियम एवं गुडटच बेडटच के संबंध में जानकारी दी।

# भाजपा जिला महामंत्री नियुक्त होने पर लक्ष्मण सिंह ठाकुर का समाज ने किया भव्य स्वागत





भारतीय जनता पार्टी की हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी में लक्ष्मण सिंह ठाकुर को जिला महामंत्री बनाए जाने पर मंगलवार को समनापुर तिराहा स्थित वीर दुर्गादास राठौर प्रांगण में राजपूत राठौर समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया।

डिंडौरी ।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की और ऐतिहासिक पल का साक्षी बने।

### फूलमालाओं और नारों से गूंजा प्रांगण

स्वागत समारोह के दौरान लक्ष्मण सिंह ठाकुर को फूलमालाओं से लाद दिया गया। आतिशबाजी की गूंज से पूरा प्रांगण उत्साह से भर गया। उपस्थित लोगों ने "भाजपा जिंदाबाद, लक्ष्मण सिंह ठाकुर अमर रहें" जैसे नारे लगाकर कार्यक्रम को जोशीला बना दिया। समाज के युवाओ ने भी पुष्पवर्षा कर ठाकुर का अभिनंदन किया।

### वरिष्ठजनों ने व्यक्त की प्रसन्नता

समाज के वरिष्ठजनों ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने एक योग्य और कर्मठ नेता को जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने ठाकुर की राजनीति में सक्रियता और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊँचाइयों को छुएगा और समाज को गौरव मिलेगा।

### लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने जताया आभार

स्वागत से अभिभूत लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व और चुनौती दोनों है। उन्होंने कहा कि पार्टी और समाज ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएँगे। ठाकुर ने समाज के युवाओं से राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि संगठन की ताकत जनता की सेवा में लगेगी और समाज की हर समस्या को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कार्यकर्ताओं में दिखा खास उत्साह

कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कई कार्यकर्ताओं ने ठाकुर को कंधों पर बैठाकर नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा।



# लंबित मजदूरी भुगतान को प्राथमिकता से निपटायें

डिंडौरी ।

कलेक्ट्रेट सभागार में आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में मनरेगा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, परियोजना अधिकारी मनरेगा, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, उपयंत्री, एपीओ, सहायक यंत्री सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलेभर में संचालित मनरेगा कार्यों की जनपद पंचायतवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही असफल एवं अनुपयोगी का र्यों को नियम अनुसार यथावत बंद करने के लिए कहा। लंबित मजदूरी भुगतान को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने सहायक यंत्री एवं सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा को अपूर्ण कार्यों की अद्यतन जानकारी नहीं होने पर हिदायत दी कि आगामी बैठक में समस्त जानकारी के साथ उपस्थित हों। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई, मौके पर दिये निराकरण के निर्देश



डिंडौरी ।

आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागर में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसनुवाई आयोजित की गई। आयोजित जनसुनवाई में 73 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया, जिन आवेदनो का तत्काल निराकरण संभव नहीं था उनके लिए आवेदक को समय सीमा दे दी गई है। एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में आवेदक मानसिंह पाराशर निवासी ग्राम कोकोमटा ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके भारतीय स्टेट बैंक समनापुर में संचालित खाते से 50 हजार रूपए स्वतः निकासी हो गई है। शाखा प्रबंधक के द्वारा कोई संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही नहीं दी गई, जिससे वह परेशान हैं, उन्होंने खाते की राशि रिफंड करने उचित कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने एलडीएम को उक्त प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से आवेदक मुकेश कुमार खाण्डे ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में कार्यरत ने अपनी सेवा बहाल रखने की माँग की है। उन्होंने बताया कि बिना कारण उनके स्थान पर किसी अन्य को अतिथि शिक्षक नियुक्त किया गया है जबकि वे 2021 से वर्तमान तक अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। ग्राम देवलपुर के निवासी रामविसाल राठौर ने बताया कि गांव का मुख्य रास्ता कुछ लोगों द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने रास्ता खुलवाने हेतु उचित कार्रवाई की माँग की। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने नायब तहसीलदार समनापुर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम खन्नात के ग्रामीणों ने भुडगा टोला, परसा टोला, बकाईन टोला, मरकाम टोला, मरकाम टोला, गुड्डी टोला, डोंगरी टोला, बैहा टोला से पीपर टोला हाईस्कूल खुरखुरीदादर रैतवार तक पहुंच मार्ग निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में मरीजों, आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानी होती है, मार्ग लगभग 10 किमी लंबा है। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जांच कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम रहंगी निवासी बेनीराम ने खसरा नंबर 124 में अवैध अतिक्रमण की शिकायत है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने एसडीएम डिंडौरी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# कारों के कांच तोड़ने वाले असामाजिक तत्वों का पुलिस ने किया खुलासा

## ट्रांसपोर्टर आरोपी गिरफ्तार, 5 कारों पर रात में किया गया था पथराव



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा 9 एवं 10 सितम्बर की दरम्यानी रात करीब 2 बजे शंकर मंदिर से बस्ती रोड एवं अमरकंटक तिराहा से इन्दिरा तिराहा के बीच सड़क किनारे खड़ी 05 कारों पर पत्थर फेंककर कांच तोड़ने वाले अज्ञात आरोपियो का खुलासा करते हुये आरोपी रौनक मिश्रा निवासी अनूपपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि मुकेश कुमार सर्राटी पिता जनार्धन सिहं सर्राटी निवासी वार्ड न. 11 शंकर मंदिर बस्ती रोड अनूपपुर के द्वारा थाना कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी सेलेरियो कार एम.पी. 18 सी 6158 रोड किनारे खड़ी थी जो रात्रि में किन्ही अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर फेंककर कार का सामने का कांच तोड़ दिया गया है।

# हिंदी दिवस एवं 15 दिवसीय हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** माँ नर्मदा के उद्गम स्थल पर स्थित पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकंटक में 14 सितंबर से 28 सितंबर तक चलने वाले हिंदी दिवस एवं पखवाड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन विद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में माननीय प्रभारी प्राचार्य नंद कुमार साहू की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती एवं हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक भारतेंदु हरिश्चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। संगीत शिक्षक शेख वाहिद के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। प्रभारी प्राचार्य नंद कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा झ "हिंदी केवल भाषा नहीं, यह जनमानस की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। इसी में हमारे समाज को जोड़ने और समझने की अद्भुत शक्ति है।

### प्रतियोगिताओं का आयोजन

कार्यक्रम के अंतर्गत काव्य-पाठ एवं काव्य-चित्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, सरलता और उत्कृष्टता से सबका मन मोह लिया। अंग्रेजी शिक्षक राजीव कुमार झा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए हिंदी भाषा के विकास, स्वरूप और वर्तमान स्थिति पर सारगर्भित विचार साझा किए।

# जगह-जगह विराजेंगे देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा

## बाजारों में दिन भर रही चहल-पहल

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा को लेकर नगर सहित कोयलांचल में तैयारियां जोर-शोर से की जा रही। सप्ताह भर से पंडाल सहित साज-सज्जा भी की जा रही है, वहीं मंगलवार को बाजार में काफी चहल-पहल रही। बुधवार को सुबह से ही पूरे विधि-विधान से देव शिल्पी भगवान की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएंगी। हर साल 17 सितंबर को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की धूमधाम से पूजा-अर्चना की जाती है। जिसको लेकर मोटर गैरेज व प्लांटों में पूजा-पाठ को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सप्ताह भर पहले से ही पंडाल व मोटर गैरज सहित लोहा दुकानों में साफ-सफाई का दौर चल रहा था, जो अब पूरा हो चुका है। ऐसे में इस बार छोटे-बड़े मोटर गैरज, संस्थानों, आरा मील, पावर प्लांट, स्टील प्लांट व सरकारी दफ्तरों मे भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। वहीं गैरेज संचालकों का कहना है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा विधि-विधान से करने से पूरे साल अच्छी कमाई होती है। जिसको लेकर सभी गैरेज संचालक हर साल 17 सितंबर को अपने प्रतिष्ठान में पूरे दिन सिर्फ पूजा-पाठ ही



करते हैं, इस दिन किसी भी तरह के कार्य नहीं होता हैं। जिसको लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### बाजार में रही चहल-पहल

बुधवार को विश्वकर्मा जयंती होने के कारण मंगलवार को बाजार में पूरे दिन चहल-पहल का माहौल देखा गया इस दौरान फल-मिठाई सहित पूजा सामनों की जमकर बिक्री हुई। जिससे नगर में चहल-पहल का माहौल देखा गया। बताया जा रहा है कि बुधवार को सुबह से ही पूजा-पाठ का दौर शुरू हो जाएगा, जिसके चलते एक दिन पहले ही लोगों ने खरीददारी कर ली है, ताकि दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### प्रतिमा की भी हुई अच्छी बिक्री

नगर में मुखर्जी चौक में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा तैयार की गई, जिसके लिए पहले से आर्डर भी दिया गया था। हालांकि इस बार प्रतिमाओं का भी रेट काफी बढ़ा हुआ है, जिससे छोटी प्रतिमाओं की ज्यादा मांग रही। वहीं मूर्तिकारों का कहना था कि मजदूरी व सामानों का दाम बढ़ जाने के कारण मूर्ति को अधिक दाम पर बेचना पड़ रहा है। जिससे लोग छोटी प्रतिमाओं का ही ज्यादा डिमांड कर रहे हैं। हालांकि विश्वकर्मा जयंती को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, जिससे अच्छी-खासी बिक्री हुई है। मंगलवार को समिति के लोगों के द्वारा बाजे गाजे के साथ ट्रैक्टर एवं पिकअप वाहन में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा बड़े ही उत्साह के साथ ले जा रहे थे।

### यह है मान्यता

मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से सुख, समृद्धि में वृद्धि होती है, ऐसे में जयंती के दिन इंजीनियर शिल्पकार, बुनकर, गैरेज संचालक, प्लांट संचालक विधि-विधान से पूजा करते हैं। साथ ही विश्वकर्मा जयंती के दिन कल पुरजों औजारों और मशीनों की पूजा कर देवशिल्पी से यह निवेदन किया जाता है कि हमारी मशीनें बिना किसी रुकावट के निरंतर चलती रहे, साथ ही भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का निर्माता माना गया है। जिससे इनकी पूजा पूरी निष्ठा के साथ करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।



## अभिभाषक संघ कोतमा का चुनाव संपन्न

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मंगलवार को अभिभाषक संघ कोतमा में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 6 पदों के लिए 20 दावेदारों के बीच शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी उपेंद्र सिंह एवं राम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि कुल 373 मतदाताओं में से 332 अधिवक्ता मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय प्रभारी पद के लिए 12 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। मतदान को लेकर न्यायालय परिसर में दिनभर हलचल देखी गई। दावेदारे मतदाताओं से वोट मांगते पूरे दिन नजर आए। परिसर में मतदान का असर भी देखा गया। दिन भर अधिवक्ता कार्य में कम मतदान एवं अपने समर्थकों को जिताने में ज्यादा जुटे रहे।

# प्रदेश में खाद की कालाबाजारी में मंत्री-अधिकारी शामिल

## खाद के बदले बरसाई लाठियां- नेता प्रतिपक्ष



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सरकार कहती है कि हमने खाद उपलब्ध करा दिया और जिस प्रकार से रीवा में खाद की दिक्कत की वजह से किसानों पर लाठियां चलाई गई। जब मध्य प्रदेश में पर्याप्त खाद हैं यह खाद कहां जा रही हैं। एक तरफ केंद्र सरकार की फर्टिलाइजर मंत्री जेपी नड्डा कहते हैं कि मध्यप्रदेश में खाद है। मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अनूपपुर जिला मुख्यालय में अंडर ब्रिज के पास कांग्रेस के पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व विधायक सुनील सर्राफ एवं आशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कही। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्य प्रदेश के कई जिलों में खाद की किल्लत को लेकर सरकार के सामने बड़े सवाल खड़े किए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा में दिए गए जवाब से पता चला है कि पिछले 3 सालों से मध्य प्रदेश में जरूरत से ज्यादा खाद है, इन सालों में यूरिया और डीएपी बड़ी मात्रा में बची रह गई, लेकिन इसके बाद भी प्रदेश के किसानों तक यह क्यों नहीं पहुंच पा रहा. खाद के बदले उन पर लाठियां बरसाई जा रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में सरकार के मंत्री और अधिकारी खाद की कालाबाजारी में शामिल हैं।

### जरूरत से ज्यादा मांग

पत्रकारों से चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि "इस माह ही रीवा और भिंड में खाद वितरण के लिए लाइनों में लगे किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसाई हैं. आखिर यह नौबत क्यों आ रही है, जबकि केन्द्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में खाद सरप्लस है. मिनिस्ट्री ऑफ केमिकल एंड फर्टीलाइजर ने 15 जुलाई को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में साल 2024-25, 2023-24 और 2022-23 के दौरान यूरिया और डीएपी की उपलब्धता खपत से ज्यादा थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुझे लगता है, वह भगोड़ा हो गए हैं। किसान का बेटा होकर उन्होंने मध्य प्रदेश में इतने साल राज्य किया। पंजाब में किसानों की फसल को देख रहे पानी में जाकर, वहां से फोटो वायरल कर रहे हैं और कह रहे हैं कि देखो मैं किसानों का हितैषी हूं। लेकिन आपने क्या मध्यप्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर कोई समीक्षा की। मुख्यमंत्री के साथ अपने खाद को लेकर कुछ किया, ना आपने किया ना मुख्यमंत्री ने किया।

### मुख्यमंत्री बनाना पार्टी की बात

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया कि हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो, उमंग सिंघार जैसा हो के नारे पर उमंग सिंघार ने कहा कि 2028 अभी दूर है। सुबह जब मैं मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर रहा था। तब भी यही नारे लग रहे थे कि हमारा मुख्यमंत्री उमंग सिंघार जैसा हो, तब पुजारी ने पूछा कि आपके मन में क्या है। तब मैंने कहा था कि जब तक मेरा जीवन रहेगा, तब तक में जन सेवा करूं। मैंने यह कभी नही कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनना हैं। पार्टी की बात है, आगे क्या होता है। उन्होने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ लड़ता रहेगा। भाजपा की सरकार वोट चोरी से बनी है। 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से धांधली की और इसका सीधा उदाहरण महेश परमार हैं, जो इस षड्यंत्र का शिकार हुए।

## खबर संक्षेप

### पालक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में त्रैमासिक परीक्षा उपरांत आज अभिभावक - शिक्षक मीटिंग आयोजित की गई इस दौरान कक्षा 9वीं से 12वी के करीब 200 से अधिक अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि वे घर पर बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। अभिभावकों त्रैमासिक की कॉपी दिखाकर उनके द्वारा की गई गलतियां दिखाई। शिक्षकों ने आग्रह किया कि अभिभावक गृह कार्य को नियमित रूप से कराएं और पढ़ाई का माहौल घर पर बनाएं।छात्रों के विकास का निरंतर मूल्यांकन अभिभावकों और शिक्षकों दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पीटीएम के दौरान प्राचार्य ने कहा कि नियमित स्कूल आने वाले बच्चों से अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है। जो बच्चे लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनके अनुत्तीर्ण होने की संभावना भी ज्यादा होती है। इसलिए बच्चों की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नियमित स्कूल आने वाले, विभिन्न शैक्षणिक एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। विद्यालय के सभी कक्षा शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता व नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे की मौजूदगी में युवा संगम योजना अंतर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में सोमवार को किया गया। अतिथियों ने मंच से युवक युवतियों को ऑफर लेटर एवं हितग्राहियों को ऋण वितरण पत्रक प्रदान किए। यह कार्यक्रम राज्य शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर और रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में लगभग 310 युवक युवतियों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कराया गया।

## 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# प्राकृतिक खेती तकनीकी के गुण सीखेंगी 50 कृषि सखियां

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती मे बढ़ावा देने के लिए विविध योजनाएं बनाकर उन्नत कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के फायदों को बताया जा रहा है। जिले के 50 कृषि सखियों को कृषि प्रशिक्षण दिया जा रहा जिससे सखियां कृषि के गुण सीखकर कृषकों को प्राकृतिक कृषि करना किसानों को प्रशिक्षित करेंगी। जिससे जिले मे प्राकृतिक कृषि में वृद्धि होगी। ज्ञात हो कि जिला कृषि प्रधान है तथा जिले मे उत्पादित अनाज एवं अन्य सामग्रियों को देश व विदेशों में विक्रय किया जाता है। किसानों के उत्पादन के कारण जिले को जीआई टैग भी प्राप्त है।



### 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

जिले की कृषि सखियों को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत 50 कृषि सखियों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र एवं परियोजना संचालक आत्मा के समन्वयक से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विशाल मेश्राम के मार्गदर्शन में हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में नोडल प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण डॉ. निधि प्रजापति ने बताया कि प्राकृतिक खेती एक रसायन मुक्त पशु आधारित और टिकाउ कृषि पद्धति है, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं उर्वरा को बढ़ाती है। इसमें फसल वृद्धि और प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए कृषि में प्राकृतिक तरीकों का समावेश करके की जाती है।

### दी जा रही तकनीकी जानकारी

उक्त संबंध में नोडल प्राकृतिक खेती उप परियोजना संचालक आत्मा श्रीमती शिल्पी नेमा ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक कृषकों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए बताया। कृषि विस्तार प्रशिक्षण केन्द्र नरसिंहपुर आरपी झारिया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदों तथा उत्पादन लागत कम करके आय बढ़ोत्तरी के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान जिले के फार्मर मास्टर ट्रेनर कृष्णपाल पटैल, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसआर शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. विजय सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि समय- समय पर प्राकृतिक खेती विषय पर तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

### रोग व कीट प्रबंधन का निदान

मंगलवार को वैज्ञानिक डॉ. एसआर शर्मा ने प्राकृतिक खेती में फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन, डॉ. विजय सिंह सूर्यवंशी ने मिट्टी में कार्बनिक तत्व को बढ़ाने एवं उसके महत्व के बारे में बताया। कृषि विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दौरान कृषि फसलों में लगने वाले रोग व कीटों के निदान के बारे मे विस्तार की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त सखियों द्वारा किसानों को समझाइस देकर किसानों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रेरित करने का कार्य करेगी। इस दौरान श्रीमती दीप्ति यादव, श्रीमती रश्मि ठाकुर एवं आत्मा परियोजना के समस्त एटीएम बीटीएम मौजूद थे।



## दलदल भरे रास्ते से चलने मजबूर ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव विकास खंड के अंतर्गत आने करकबेल ग्राम के नजदीक ग्राम टपरियों गांव आजादी के बाद भी पक्की सड़क नहीं है। हर वर्ष वरसात में यह मार्ग दल दल में तब्दील हो जाता है। जिसका खामियाजा ग्रामीण आज तक भुगत रहे हैं। 500 मीटर का यह कच्चा रास्ता आज भी अपने बनने की राह दे रहा है। लगभग 500 लोगों की आबादी वाला गांव आजादी के बाद भी एक पक्की सड़क बनाने के लिए यहां के ग्रामीण जद्दोजहद कर रहे है। ग्राम में प्राथमिक स्तर का स्कूल है जिसमें पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण करते हैं। हर वर्ग के लोग परेशान हैं। ग्राम टपरियों बाशिंदे को पक्की सड़क न होने हर दिन चुनौती बनी हुई है। छोटे छोटे स्कूली बच्चों को इसी कच्चे दल-दल भरे मार्ग से रोज निकलना पड़ता है वहीं राहगीर, किसानों को अपने खेतो खलिहानों तक पहुंचने भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी तब होती है किसी बीमार व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाने जरुरत होती है लेकिन भारी खींचड़ खबना दल-दल के कारण आना जाना कष्टदायक होता है। वहीं दो पहिया चार वाहनों का आना जाना लगभग बंद हो जाता है।न जनप्रतिनिधियों को न ही प्रशासन को इसकी चिंता है। बस वोट लो फिर रफूचक्कर हो जाओ।

## जनसुनवाई में आए 99 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 99 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में जनसुनवाई के उन आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# जिसके घर में पांच पांडव वह कभी नहीं हारता





### कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रोता श्रद्धालु

**तेंदूखेड़ा।** नगर में 14 सितंबर से नगर के प्रतिष्ठित पोद्दार परिवार द्वारा आयोजित की गई बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रख्यात कथा वाचक पं विपिन बिहारी महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु पहुंच रहें हैं।मौसम की विषम परिस्थितियों में भी पं विहारी जी को सुनने जन-मानस उमड़ पड़ा है। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि जिसके घर में 5 पांडव रहते हैं वहां कभी हार नहीं होती पांचों पांडवों और द्रोपती माता कुंती की अलग-अलग व्याख्या की।गीता का पाठ मां वाप की सेवा ब्राह्मण वर्ग का सम्मान करने भक्त भगवान का महत्व भक्तों की महिमा का वर्णन राजा परिक्षित से कोई बड़ा भक्त नहीं पीलिया रोग की उत्पत्ति सुख दुख में पहले दुख आत्मसात करने क्योंकि भगवान की याद बनीं रहती है।कुंती के द्वारा दुख मांगने भीष्म पितामह की सरसैया भगवान को स्वयं उनके पास पहुंचने भीष्म पितामह को बुढापे की संज्ञा देते हुए सदैव हर उम्र में भजन करने की बात मरने के बाद गंगा में हाड डुवाने की बजाय जियत में तीर्थ करने भोजन करने के तौर-तरीके शुद्धि बेटी का जूठा खाने से अकाल मृत्यु नहीं होती पत्नियों को पति की बगैर आज्ञा के कहीं नहीं जाना चाहिए।जिस विवाहोत्सव में शराबी पहुंचे उन्हें नहीं जाना चाहिए।गाली देने वाले की संगत नहीं करने जैसे विंदुओं पर काफी विस्तार से चर्चा की।

# शिक्षा के क्षेत्र में तेंदूखेड़ा क्षेत्र को गौरवान्वित कर रहे आजाद पी 3 के डॉ. लखन पटेल

### एमपीपीएससी में छात्रों का हुआ चयन



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा से लगे एक छोटे से गांव में जन्मे पले बढ़े शिक्षित होकर उच्च शिक्षा के उपरांत डाक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त कर आजाद पी 3 एकेडमी के माध्यम से बच्चों का भविष्य गढ़ने वाले डा लखन पटेल के द्वारा सैकड़ों छात्रों को प्रशिक्षित कर विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में चयनित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं हाल ही में घोषित हुए एम पी पी एस सी के परीक्षा परिणामों में हर्षिता दवे जिन्होंने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।जिनका डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन किया है।इसी तरह से शुभम मुछाला और अभिषेक जैन का भी चयन हुआ है।जो डी एस पी बनें है। इस सफलता के पीछे जहां छात्रों की मेहनत परिश्रम तो रहा ही है वहीं डा लखन पटेल एवं इनके स्टाफ का कुशल मार्गदर्शन ने इन्हें इस मुकाम तक भिजवाया है। चूंकि यह तत्कालीन परीक्षा परिणाम है इसके अलावा पूर्व में भी सैकड़ों छात्रों के भविष्य को भी गढ़ा है जो विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में अपनी-अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं हर वर्ग के क्षेत्रीय बच्चों को कैरियर बनाने की दिशा में निशुल्क मार्गदर्शन भी दिया जाता है। वाचनालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उचित मार्गदर्शन ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों को सहज शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने प्रोजेक्टर निशुल्क उपलब्ध कराये गये हैं। आजाद पी 3 एकेडमी डा लखन पटेल की इस सफलता पर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सजग वर्गों ने अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## तेंदूखेड़ा के डॉ. अखिलेश जैन को मिला सागर गौरव सम्मान



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित सेठ परिवार के डा अखिलेश जैन को कोविड काल से लेकर अभी तक बुंदेलखंड क्षेत्र में चिकित्सा के लिए अपनी अनुकरणीय से सेवाओं को लेकर जैन भ्रात संघ द्वारा सागर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है।जिसे लेकर तेंदूखेड़ा क्षेत्र की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा बधाईयां और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**तेंदूखेड़ा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव पर जगह विविध सेवा कार्य हो रहे हैं।इसी श्रृंखला के चलते तेंदूखेड़ा नगर परिषद कार्यालय परिसर में भोपाल से आ रही स्वास्थ्य सेवा टीम के द्वारा विभिन्न रोगों की निशुल्क जांच एवं स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। गंभीर बीमारियों के रोगियों को भोपाल लाने ले जाने छोड़ने खाने पीने की भी व्यवस्था रहेगी।यह शिविर दोपहर 11 बजे से शाम 05 बजे तक चलेगा।

### आयुर्वेद निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

सेवा पखवाड़ा की कड़ी में तेंदूखेड़ा सकल दिगम्बर जैन समाज के द्वारा जैन धर्म शाला परिसर में कल गुरुवार 18 सितंबर को सुबह 10 बजे से पूर्णायु जबलपुर के अनुभवी डाक्टरों के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।सकल दिगम्बर जैन समाज ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# आसमान में उड़ते बलून से गिरी डिवाइस, लाठगांव-पिपरिया में मचा हड़कंप

**गोटेगांव। तहसील अंतर्गत बीते दिवस लाठगांव-पिपरिया गांव में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब आसमान में उड़ रहे एक बलून से अचानक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खेत में गिर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही गोटेगांव थाना पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में डिवाइस को लेकर संशय की स्थिति बनी रही, लेकिन करीब एक घंटे की मशक्कत और संबंधित विभागों से जानकारी जुटाने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि डिवाइस मौसम विज्ञान केंद्र की थी, जिसका उपयोग मौसम से संबंधित जानकारियाँ इकट्ठा करने में किया जाता है।**




गोटेगांव एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे लाठगांव-पिपरिया निवासी किसान खोबा सिंह पटेल ने खेत में एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण गिरने की सूचना दी। डिवाइस में एरियल भी लगा हुआ था, जिससे आशंका बढ़ गई। पुलिस ने तुरंत टीम भेजकर स्थल का निरीक्षण किया और कृषि विभाग व मौसम विभाग से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की। एक घंटे बाद पुष्टि हुई कि यह डिवाइस मौसम विज्ञान केंद्र जबलपुर की रेडियोसुंडे प्रणाली से संबंधित थी।मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारी देवेंद्र तिवारी ने बताया कि डिवाइस हवा की दिशा, गति, तापमान जैसी मौसम संबंधी सूचनाएँ नापने का कार्य करती है। यह वेब आधारित रेडियो साउंड डिवाइस वेबेक्स कंपनी की है। उन्होंने यह भी बताया कि दो दिन पहले नरसिंहपुर जिले के देवरी राजमार्ग में भी इसी प्रकार की डिवाइस गिरने की सूचना मिली थी। लगभग 15 हजार रुपये मूल्य की यह डिवाइस गिरने के साथ ही खराब हो जाती है। ग्रामीणों में पहले डर और आशंका का माहौल बना, लेकिन जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि डिवाइस का उपयोग वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है और कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है।

# गोटेगांव से लाठगांव कुंडा डामर सड़क में गड्ढे ही गड्ढे



### सीसी रोड बनाने की ग्रामीण कर रहे मांग

**गोटेगांव।** समीप लाठगाव सड़क मार्ग डामर उखड़ने से गड्ढों में तब्दील हुआ रोड ! क्षेत्र के अंतर्गत वाउ लोक निर्माण विभाग के अधीन गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा गांव तक बनी रोड की हालत खराब हो गई है। यहां पर जो डामरीकरण पूर्व समय में कराया गया था वह उखड़ चुका है। इस रोड से निकलने वाले वाहन वालों का कहना है कि गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा चौराहे तक डामर रोड के परखच्चे उड़ गए हैं। इस रोड पर कई बार डामरीकरण के साथ दुरूस्तीकरण का कार्य बारिश के पूर्व हो चुका है। मगर कुछ ही दिनों के बाद रोड की हालत खराब हो जाती है, जहां-तहां पर रोड पर गड्ढें हो जाते हैं, वर्तमान समय में बारिश का दौर चल रहा है इसके चलते रोड से आवागमन और भी जोखिम भरा हो गया है। कई जगह तो रोड की ऐसी हालत है कि वाहन वालों को गड्ढे बचाकर निकलना पड़ता है। फिर भी वह रोड पर मौजूद गड्ढों को नहीं बचा पाते हैं, क्योंकि हर जगह पर रोड के गड्ढें मौजूद है इस रोड को पार करने में जितना समय लगता है उससे दोगुना समय लग जाता है। वाहन वालों के अनुसार रोड की हालत ऐसी है कि यहां से अपने वाहन को सुरक्षित निकालने में मंद गति से वाहन को निकालना पड़ता है। सीसी रोड बनाने हो रही मांग-गोटेगांव से सिवनी जिले के धूमा जाने के लिए गोटेगांव से बगासपुर होते हुए कुंडा तक सीसी रोड का निर्माण अवश्य किया गया हैं। वहीं धूमा की सीमा में भी सीसी रोड का निर्माण है, मगर गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा गांव तक डामर रोड है, जो निर्मित होने के बाद अधिक समय तक सुरक्षित नहीं रह पाती है। यदि उक्त हिस्से में सीसी क्रांकीट की रोड निर्मित हो जाती है तो जो डामर रोड बार बार खराब हो रही है उससे निजात मिल जाएगी और वाहन वालों को धूमा तक जाने के लिए जो दिक्कत होती है उससे भी राहत मिल जाएगी। खेतों का पानी आता है रोड पर-गोटेगांव से लाठगांव होते कुंडा गांव तक बीच में कई गांव मौजूद हैं। वहीं इस रास्ते से आस पास के अन्य गांव को जाने का रास्ता है। सीसी रोड के निर्माण से इन गांव के लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी। इस रोड के दोनों ओर किसानों के खेत मौजूद है जिसमें बारिश का पानी भरा रहता है जिसके कारण रोड के नीचे का हिस्सा बारिश के पानी से कमजोर हो जाने पर भारी वाहन के चलने से रोड धंस कर खराब हो जाती है। सीसी रोड निर्माण में रोड का बेस अच्छी तरह से निर्मित होगा तब जो डामर रोड धंसती है उस पर रोक लग जाएगी। इस रोड पर गिट्टी के क्रेशर भी मौजूद हैं जिसके कारण गिट्टी से भरें डंपर संचालित होते है जिनके कारण रोड जल्द खराब हो जाती है।

## महेश्वर में लगेगी श्री सशस्त्रबाहु की विशाल प्रतिमा- पंकज चौकसे



**गोटेगांव।** विगतदिवस कलचुरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पंकज चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में महेश्वर नामक स्थान है जहाँ कलचुरी समाज के आराध्य भगवान सहस्त्र बाहु की कथा का वर्णन एवं सहस्त्र धारा तथा समाधि स्थल है, उस स्थान को विकसित कराने एवं वहां भगवान सहस्त्रबाहु जी की विशाल प्रतिमा लगाने के लिए कई वर्षो से सतत प्रयास किये जा रहे हैं जिसमे राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ की संयोजक श्रीमती अर्चना जायसवाल, हैहयवंशी महासभा के श्री जयनारायण चौकसे, कलचुरी महासभा के प्रमुख श्री दिलीप सूर्यवंशी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय श्री राकेश राय सीहोर,श्री विनोद राय, श्री पंकज चौकसे, सहित समाज के सैकड़ो व्यक्तियों ने अपने अपने स्तर और सामूहिक प्रयास किये हैं जिससे अब इस दिशा में आशातीत सफलता की किरण दिखाई देने लगी है हमें विश्वास है भगवान सहस्त्र बाहु जी की विशाल प्रतिमा अब महेश्वर जिला खरगोन में लगेगी, इस कार्य में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग करने बाले भी बहुत सारे समाज जन हैं (जिनके नाम का उल्लेख ना कर पा रहा हूँ )पर समग्र प्रयास से ही यह कार्य सम्पन्न होगा ।

# निशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान आज




**गोटेगांव।** स्वस्थ्य नारी ससक्त परिवार के तहत बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में विशाल महिला स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 11 वर्ष से 49 वर्ष की सभी किशोरियों एवं महिलाओं का स्वास्थ परीक्षण किया जाएगा एवं दवा वितरण की जावेगी। जिसमें गर्भवती माताओं व किशोरी बालिकाओं की हिमोग्लोबिन,व 30 बर्ष से अधिक महिलाओं की निशुल्क ब्लडप्रेशर एवं सुगर की जाँच की जावेगी। समस्त इलाज विशेषज्ञों द्वारा मेडिकल कालेज जबलपुर एवं नरसिंहपुर की टीम द्वारा दिया जावेगा। संपूर्ण क्षेत्र की माताओं व बहनों से सादर निवेदन है कि आप अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, निशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें। बीएमओ डॉक्टर एस एस धुर्वे ने बताया कि यह अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक गोटेगांव संपूर्ण क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के स्वास्थ्य केन्द्रों में ₹स्वास्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, उक्त सभी शिविरों में महिलाएं एवं बहने लाभ ले सकते है.